## एक नजर में

### दशपुर वैष्णव बैरागी धार्मिक सांस्कृतिक सेवा समिति जिला मंदसौर की मीटिंग संपन्न



**मन्दसौर।** दशपुर वैष्णव बैरागी सांस्कृतिक सेवा समिति द्वारा आयोजित मीटिंग श्री वैष्णव बैरागी समाज के लिए ऐतिहासिक रही। मीटिंग में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई जिसमें आगामी होली मिलन समारोह 8 मार्च 2026 को रखा जाना तय किया गया। साथ ही धर्मशाला के लिए ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाये जाये व महिलाओं को भी इसमें सदस्यता दिलाई जाये उस पर भी विचार हुआ। मीटिंग की सबसे बड़ी बात वरिष्ठों व वैष्णव बैरागी युवा युथ एकता का एक जाजम पर आकर एक-साथ काम करना ? रहा। जिसका सभी समाज बंधुओं ने स्वागत किया। जल्द ही समिति के कम से कम 200 सदस्यों को समिति की सदस्यता दिलाकर मंदसौर वैष्णव बैरागी समाज जिले के तीनों अध्यक्षों वरिष्ठ, युवा, व महिला जिला अध्यक्षो का चुनाव कराये जाने का भी निर्णय लिया गया साथ ही युवा व वरिष्ठ समाज बंधुओं द्वारा छात्रावास के विषय पर भी चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय समिती अध्यक्ष सत्यप्रकाश दिवाकर व उपाध्यक्ष अशोक बैरागी व बंशीदास बैरागी द्वारा लिये गये। सम्पूर्ण जानकारी प्रचार मंत्री अजय बैरागी द्वारा दी गई। मीटिंग में अशोक रामावत, महावीर दास, नन्दकिशोर बैरागी, बद्रीदास बैरागी साकतली, सहसचिव कैलाश बैरागी, सुमित बैरागी अघोरीया, सतीश बैरागी, जीवन बैरागी हरसोल, कोषाध्यक्ष परमेश्वर बैरागी, सचिव विनोद बैरागी, गोविंद बैरागी चिरमोलीया, आर.डी. बैरागी गुराडिया देदा, मीडिया प्रभारी जितेन्द्र बैरागी सहित कई समाज बंधु की मौजूद थे।

### नागर ब्राह्मण समाज ने श्री हाटकेश्वर धाम पर मनाया महाशिवरात्रि पर्व



**मंदसौर।** नागर ब्राह्मण समाज के ईष्टदेव भगवान श्री हाटकेश्वर का श्री हाटकेश्वर धाम देवालय मंदसौर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व रविवार दिनांक 15 फरवरी को समाज की ओर से अभिषेक आयोजित किया गया भगवान् हाटकेश्वर का अभिषेक महाआरती, प्रसादी, खिचड़ी एवं ठंडाई वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंडित सूर्यप्रकाश शर्मा के आचार्यत्व में आयोजित भूतभावन भगवान हाटकेश्वर की पूजा अभिषेक में समाज के अध्यक्ष बाबूलाल सुशीला नागर, गोबिंद भगवती देवी नागर, रचित अश्विनी मेहता ने लाभ लिया। इस अवसर पर प्रभाशंकर मेहता, अर्चना दवे, प्रवीण मुक्ति मेहता, पूर्व स्टेनो ओम प्रकाश नागर, उषा नागर, कलाबेन नागर, हरीश दवे, सुनील मेहता, मंदिर पूजारी मुकेश नागर, डॉक्टर राजेंद्र नागर अलका नागर, राजेंद्र नागर, पूर्व अध्यक्ष रमेश नागर, रेखा नागर, विकास दवे, मोहित मेहता, धीरेंद्र नागर, श्रीमती प्रतिभा नागर, प्रवीण मेहता, दीपिका मेहता, दिनेश नागर, अनीता नागर, जगदीश नागर, श्रीमती आशा नागर, रवि खुशबू नागर, विवेक नागर, खुशबू नागर सहित बड़ी संख्या में समाजजनों ने उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया। कार्यक्रम का संचालन सचिव सतीश नागर ने किया तथा आभार बालकृष्ण दवे ने माना। ये जानकारी समाज/न्यास अध्यक्ष बाबूलाल नागर द्वारा जारी विज्ञप्ति में दी गई।

## पिपलियामंडी में वाइन शॉप पर प्रिंट रेट से अधिक वसूली का आरोप



**पिपलियामण्डी।** पिपलियामंडी में कृषि उपज मंडी के समीप स्थित एक वाइन शॉप पर प्रिंट रेट से अधिक राशि वसूले जाने को लेकर देर रात विवाद की स्थिति बन गई, जिसके बाद डायल-112 के माध्यम से पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 फरवरी 2026 की रात लगभग 11.15 बजे शैलेन्द्रसिंह अपने साथियों जितेन्द्रसिंह व चंद्रपालसिंह के साथ उक्त शराब दुकान पर पहुंचे। शैलेन्द्रसिंह ने एमडी व्हिस्की का एक क्वार्टर खरीदा, जिस पर अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) 201 रुपये अंकित था। आरोप है कि दुकान कर्मचारी ने इसके बदले 210 रुपये वसूल लिए।

शिकायतकर्ता के अनुसार जब उन्होंने अधिक राशि लेने पर आपत्ति जताई, तो कर्मचारी ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि 'लेना हो तो लो, नहीं तो यहां से जाओ।' इस दौरान दुकान के लाइसेंसी महिपाल सिंह शक्तावत भी मौके पर मौजूद बताए गए, लेकिन उन्होंने कर्मचारी को नहीं रोका। विवाद बढ़ने पर फरियादी ने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर शिकायतकर्ता ने ऑनलाइन भुगतान की हिस्ट्री दिखाते हुए अधिक राशि वसूले जाने की बात कही। इसके बाद शैलेन्द्रसिंह ने पुलिस चौकी पिपलियामंडी में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर अंकित मूल्य से अधिक राशि लेने और विरोध करने पर गाली-गलौज किए जाने की शिकायत की तथा कार्रवाई की मांग की। पिपलियामंडी टीआई विक्रमसिंह इवने ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में प्रिंट रेट से अधिक वसूली की पुष्टि होने पर संबंधित के विरुद्ध आबकारी नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## बैहपूर गौशाला में आयोजित 20 फरवरी के सर्व समाज सामूहिक विवाह समारोह का मुख्यमंत्री को उज्जैन में दिया आमंत्रण



**दलौदा।** संत श्री रोटीराम महाराज गौशाला बैहपुर में सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति द्वारा एवं मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत द्वितीय वर्ष में 131 जोड़ों का विवाह 20 फरवरी को होने जा रहा है जिसमें लगभग पचास हजार लोगों की उपस्थिति में आयोजन संपन्न होगा। कार्यक्रम में प्रदेश के मुखिया माननीय डॉ मोहन यादव को आमंत्रित करने के लिए प्रदेश प्रवक्ता पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया व जनपद पंचायत मंदसौर अध्यक्ष बसंत शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने उज्जैन पहुंचकर मुलाकात की व आमंत्रण पत्र सौंपा जिसमें सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष दशरथ दास बैरागी उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौर व कोषाध्यक्ष मोती सिंह सिसोदिया उपस्थित रहे। आमंत्रण प्राप्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पर्याप्त समय देते हुए मौखिक स्वीकृति प्रदान कर आने के लिए आश्वस्त किया है। यह आयोजन 20 फरवरी को होगा जिसमें क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि व संतगण उपस्थित रहेंगे। गौ माता पूजन से आयोजन की शुरुआत होगी। विवाह समिति के अध्यक्ष दशरथ दास बैरागी व पूरी समिति ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री से आग्रह किया। साथ ही यशपाल सिंह सिसौदिया ने आमंत्रण पत्र सौंपते हुए डॉ मोहन यादव से विस्तृत चर्चा की, कि मालवांचल में होने वाले इतने बड़े भव्य आयोजन में सामान्य 8, पिछड़ा 47, अजा49, अजजा27, कुल 131 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे अतः आप पधारे व नवदंपत्तियों को शुभाशीष प्रदान करें। डॉ मोहन यादव ने जानकारी प्राप्त कर आयोजन की सराहना की। इस भव्य आयोजन में माता तुलसी विवाह के लिए सालिगराम ठाकुर जी की बारात लदूसा धाम से 1000 गाड़ियों के काफिले के साथ आएगी जो आकर्षण का केंद्र रहेगी।



## सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान में शिशुओं को एक नई सौगात

**मन्दसौर। सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के सरस्वती शिशु मंदिर सीबीएसई विद्यालय संजीत मार्ग पर शिशु भैया/बहिनों के लिए एक 'अनोखी और आकर्षक सौगात 'छुक छुक गाड़ी' (बाल ट्रेन)' का भव्य उद्घाटन किया गया। विद्यालय परिसर में आई इस सुंदर ट्रेन में अब नन्हे-मुन्ने भैया-बहिन परिसर की आनंदपूर्वक यात्रा करेंगे।**

इस नई पहल से बच्चों में विशेष 'उत्साह और हर्ष का वातावरण' देखा गया। बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान यह दर्शा रही थी कि यह सौगात उनके लिए किसी सपने से कम नहीं है। इस सौगात से छोटे बच्चों 'का विद्यालय आगमन पर वातावरण आनंदमय और यादगार बने।'

इस शुभ अवसर पर भारतीय आदर्श शिक्षण समिति एवं समस्त आचार्य परिवार एवं नन्हे-नन्हे भैया-बहिन उपस्थित रहे। 'छुक - छुक गाड़ी' का शुभारंभ शिशु कक्षा के भैया बहिनों ने किया बच्चों के लिए एक प्रेरणादायी और आनंददायक वातावरण सृजित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

**एक नजर** | रात्रि पर्यन्त शास्त्रीय एवं सुगम संगीत की मधुर स्वर लहरियों का आयोजन

## श्री जागेश्वर महादेव का हुआ महाभिषेक

**मन्दसौर। नगर के नीम चौक स्थित अति प्राचीन चमत्कारी शिवालय श्री जागेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर रात्रि पर्यन्त प्रातः 5.30 बजे तक भगवान जागेश्वर का शास्त्रीय संगीत और सुगम संगीत की मधुर स्वर लहरियों से महाभिषेक किया गया।**

प्रमुख गायक कलाकार थे- चेतन गंधर्व, कमलेन्द्र गंधर्व, भीमसेन गंधर्व, भेरूलाल गंधर्व, सुगम संगीत कलाकार थे- विक्रम सोनी, संजय सोनी, आयुष सोनी, राजेन्द्र व्यास।

हारमोनियम पर कमलेन्दु गंधर्व, वायलिन पर राजमल गंधर्व, तबले पर भीमसेन गंधर्व, सुरेश गंधर्व और भेरूलाल गंधर्व ने संगत की।



शास्त्रीय संगीत में चेतन गंधर्व ने राम शंकरा, मालकोस राग दुर्गा आदि रागों में तान-आलाप में बंदिशे सुनाई। इसी प्रकार कमलेन्दु गंधर्व ने भी शास्त्रीय रागों में छोटा ख्याल में बंदिशे प्रस्तुत की। दोनों कलाकारों ने शास्त्रीय संगीत के साथ ही सुगम संगीत में भजन सुनाये। सुगम संगीत में आयुष सोनी, व्यास ने भजन गीत प्रस्तुत किये।

भजन संध्या के मुख्य अतिथि डॉ. रविन्द्र पाण्डेय थे। मुख्य अतिथि द्वारा कलाकारों को दुपट्टा धारण कराके सम्मान किया। संजय सोनी, विक्रम सोनी, ओम सोनी, प्रकाश सोनी, संजय सोनी रतलाम ज्वेलर्स, जय सोनी, पुजारी भगवत गिर, प्रकाश-दिनेश सोनी ने व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया।

संचालन बंशीलाल टांक ने किया एवं आभार प्रकाश सोनी ने माना। महाआरती रात्रि 8 बजे, मध्यरात्रि 12 बजे, ब्रह्म मुहूर्त में 3 बजे और प्रातः6 बजे की गई। ठण्डाई प्रसाद बांटा गया। महाभिषेक प्रातः5 बजे से प्रारंभ हुआ जो संध्या तक जारी रहा।

# नीमच


## एक नजर में

### डॉ. सहगल की किताब का विमोचन पंजाबी समाज द्वारा हुआ




**मनासा।** डॉ पुरन सहगल की 109 वी किताब % घटनाओं में इतिहास का यथार्थ का विमोचन मनासा पंजाबी समाज द्वारा उषागंज स्थित अयोध्या पुरी धर्मशाला के हॉल में हुआ। इस आयोजन में समाज अध्यक्ष प्रीतम बांगा एवं संरक्षक मण्डल के डॉ पूरन सहगल, प्रकाश छाबडा, दिनेश दुआ, डॉ विनोद शर्मा उपाध्यक्ष राम गुलाटी, अनिल वधवा मंचासीन अतिथियों व्दारा पुस्तक का विमोचन हुआ। आयोजन का शुभारंभमाँ सरस्वनी के दीप प्रज्वलन के साथ हुआ देशराज दुआ दिलिप बांगा, रमेश छाबड़ा प्रकाश गुलाटी, राजेंद्र गुलाटी, महेश जयश्री, बलदेव छाबड़ा, अनुज छाबड़ा, रामलाल वधवा मालव परिधान, प्रेस फोटोग्राफर देशराज सहगल, शिखर जैन, चंद्रप्रकाश गुलाटी व्दारा डा. सहगल एवं मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर किताब पर विचार रखते हुए संचालन के दौरान अर्जुन पंजाबी ने कहा इस किताब की बड़ी खासियत यह है कि इतिहास का एक बड़ा कैनवास आधार बन गया हे सतयुग त्रेता द्वापर और आधुनिक युग के स्वतंत्रता संग्राम महाराणा प्रताप तक के इतिहास की घटनाओं को समेटा गया है। डॉ सहगल की किताबों का विमोचन चाहे राजीव गांधी, बलराम जाखड़, मोतीलाल वोहरा एवं वर्तमान मुख्य मंत्री मोहन यादव ने भी किया, किंतु यह विमोचन समाज द्वारा होकर आत्मीय है। समाज अध्यक्ष प्रीतम बांगा ने कहा हमने डॉ सहगल को सम्मानित नहीं किया वरन इस आयोजन से समाज का गौरव बढ़या है। महेश मलिक ने कहा डॉ सहड़गल समाज के गौरव है। किन्तु % घर का जोगी जोगणा आन गाँव का संत जैसी उक्ति स्मरण हो आती है। लेखक दिनेश सहगल ने किताब की स्मिता पढ़ी जो किताब संपूर्ण विवेचन थी। अनुज छाबड़ा ने किताब और डॉ सहगल पर अपने विचार रखे।

### ब्रह्माकुमारीज़ के शिवरात्रि मेले में हजारों लोगों ने भारत माता की झांकी, द्वादश ज्योर्तिलिंग एवं शिवदर्शन प्रदर्शनी का लाभ लिया



**नीमच।** अन्तर्राष्ट्रीय शांतिदूत ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा महाशिवरात्रि महोत्सव के दिन ब्रह्ममुहुर्त्त 3.30 बजे से देर रात 12 बजे तक लगभग 10 हजार से अधिक लोगों ने भारतमाता की विशाल झांकी, एल ई डी स्क्रीन पर तनावमुक्ति की आध्यात्मिक फिल्में, द्वादश ज्योर्तिलिंग दर्शन एवं शिवदर्शन प्रदर्शनी का लाभ लिया। साथ ही राजयोग साधना पिरामिड में लम्बी कतार लगाकर 5-5 मिनिट मेडिटेशन करके गहन शांति अनुभव की तथा सद्भावना सभागार के विशाल हॉल में बड़ी स्क्रीन पर लगातार आध्यत्मिक फिल्मों का भी प्रदर्शन किया गया। जिसका लाभ दर्शनार्थिंयों ने लिया। उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्थान के सबझोन निदेशक बी.के.सुरेन्द्र भाई ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व ब्रह्माकुमारी संस्थान में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक महत्व के साथ मनाया जाता है। संस्थान के नीमच सबझोन से सम्बंधित मनासा, रामपुरा, जावद, जीरन, मल्हारगढ़, पिपलिया मण्डी एवं नारायणगढ़ के साथ ही 25 से अधिक ग्रामीण केन्द्रों पर भी शिवध्वजारोहण व अन्य कार्यक्रम करके यह पर्व मनाया गया।

## जिले में 373 बोरी बधान एवं 510 खेत तालाब निर्माण के कार्य पूर्ण

- मार्च अंत तक सभी 810 खेत तालाबों का निर्माण कार्य पूर्ण करवाएं-श्री चंद्रा
- कलेक्टर ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा



**नीमच।** जिले में इस वर्ष 324 मां की बगियां का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। जिले में 373 बोरी बधान का निर्माण कर, जल स्त्रोतों से बहते हुए जल को रोकने का काम किया गया है। इससे जल स्तर में वृद्धि के साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हुआ है। इस वर्ष जिले में 510 नये खेत तालबों का निर्माण भी किया गया है। यह जानकारी कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं, कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक में दी गई। बैठक में जि.प.सीईओ.श्री अमन वैष्णव, कार्यपालन यंत्री आर.ई.एस.श्री बी.एल.कातिजा, सभी सहायक यंत्री जनपद सीईओ, उपयंत्री एवं जि.प.के परियोजना अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में खेत तालाबों और अमृत सरोवरों के निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि सभी जनपद सीईओ और उपयंत्री शेष सभी खेत तालाबों और अमृत सरोवरों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्यो को मार्च अंत तक पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्वीकृत सभी मां की बगियाओं के कार्य भी मार्च अंत तक पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में 1783 डगवेल रिचार्ज के कार्य पूर्ण किए गए है। शेष डग वेल रिचार्ज के कार्य भी 31 मार्च तक पूर्ण करवाने के निर्देश जनपद सीईओ और उपयंत्रियों को दिए गये। बैठक में बताया गया, कि आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 30 नये अमृत सरोवर निर्माण के कार्य चयनित किए गए है। इन कार्य की टी.एस.ए.एस.स्टीमेंट अभी से तैयार कर लिए जाए। जिससे, कि नवीन वित्तीय वर्ष प्रारंभ होते ही कार्य प्रारंभ किए जा सके। बैठक में कलेक्टर ने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए नीमच एवं जावद जनपद को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 250-250 एवं मनासा जनपद को 400 खेत तालाब निर्माण के कार्य चिंहित कर कार्य प्रारंभ करवाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में कलेक्टर ने अमृत सरोवर के कार्य की अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने और कार्य पूर्ण नहीं करवाने वाले उपयंत्रियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश भी जि.प. सीईओ को दिए। कलेक्टर ने गंगोत्री हरित परियोजना के तहत बोरखेडी नदी के उदगम स्थल पर 10 एक्कड शासकीय भूमि पर पौधारोपण के स्वीकृत प्रोजेक्ट पर 5 से 6 फीट बडे पौधे लगाने, पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और अच्छे पौधो का चिंहाकन करने की व्यक्तिगत जिम्मेदारी जनपद जावद के सीईओ को सौंपी है।

## जिले के सभी चिंहाकित सेम एवं मेम श्रेणी के बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के विशेष प्रयास करें : कलेक्टर

- आंगनवाडी में दर्ज सभी बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाए-कलेक्टर
- जिला पोषण समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए महिला एवं बाल विकास अमले को निर्देश

**नीमच।** जिले में चिंहाकित सभी सेम एवं मेम श्रेणी के बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाकर, उनकी श्रेणी सुधार के लिए विशेष प्रयास करें। आंगनवाडी में दर्ज सभी बच्चों के उचित पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग का संपूर्ण अमला स्वास्थ्य विभाग के अमले के साथ आपसी समन्वय से कार्य कर बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास पर विशेष ध्यान दे और इसके लिए सामुदायिक स्तर पर भी प्रयास करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित जिला स्तरीय पोषण समिति की मासिक बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए दिए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अंकिता पण्डया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद, सभी सीडीपीओ, सेक्टर सुपरवाईजर उपस्थित थे।

बैठक में प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना की प्रगति की समीक्षा में बताया गया, कि जिले में प्रथम प्रसव वाली सभी महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिलाया जा चुका है। व्दितीय प्रसव वाली 74 प्रतिशत महिलाओं को लाभांवित किया जा चुका है। कलेक्टर ने शेष शतप्रतिशत हितग्राहियों को लाभांवित करने के निर्देश दिए। लाड़ली लक्ष्मी योजना की प्रगति की समीक्षा में बताया गया, कि लाड़ली लक्ष्मी छात्रवृति योजना तहत 7322 संभावित बालिकाओं में से 6696 बालिकाओं को लाभांवित किया जा चुका है। शेष 626 बालिकाओं को छात्रवृत्ति का इस माह अंत तक भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी सेक्टर सुपर वाईजर को शतप्रतिशत आंगनवाडी केंद्रों में टेकहोम राशन एवं गरम पका भोजन शतप्रतिशत हितग्राहियों को प्रतिदिन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए है।

**एक नजर** | पुलिस थाना व तहसील कार्यालय में दिया ज्ञापन

## सौर ऊर्जा प्लांट के सुरक्षा कर्मियों ने कंपनी पर प्रताड़ित करने और जान से मारने का लगाया आरोप

**सिंगोली।** तहसील के ग्राम बड़ी में स्थापित सौर ऊर्जा प्लांट में कार्यरत सुरक्षा कर्मियों ने कम्पनी प्रबंधन एवं ठेकेदार पर अपशब्दों का प्रयोग करने एवं कंपनी से निकालने तथा जान से मारने की धमकी देने के विरुद्ध थाना प्रभारी पुलिस थाना सिंगोली व तहसीलदार को तहसील कार्यालय में ज्ञापन देकर कार्यवाही करने की मांग करते हुए अपनी मांगों को लेकर प्लाट के बाहर कंपनी के खिलाफ हड़ताल पर बैठने की अनुमति की मांग की है।

इस संबंध में सुरक्षा कर्मियों ने बताया कि हम समस्त सुरक्षाकर्मियों ने कार्बाइन फिजिकल सिक्योरिटी ग्राम बड़ी में 11 माह पूर्व वारी ऋझरु ग्राम बड़ी में सुरक्षाकर्मी के पद पर नियुक्त है तथा सौर ऊर्जा प्लांट के सुरक्षा संबंधी कार्य पूर्ण ईमानदारी व लगन के साथ कंपनी के नियमानुसार कार्य करते चले आ रहे। हमारी एवं हमारे परिवार की आजीविका इसी पर निर्भर है।

उक्त कार्बाइन फिजिकल सिक्योरिटी द्वारा नियमानुसार सैलरी व कंपनी के नियमानुसार हमें सुविधाएं नहीं देने की माँग को लेकर करीब 11 माह पूर्व हमने हडताल आदि के जरिये हमारी उचित मांगें कंपनी के समक्ष रखी जिस पर कंपनी के मेनेजर आदि के द्वारा पूरे 64 सुरक्षाकर्मियों को पूरा विश्वास दिलाया गया कि 12 घंटे कार्य को घटाकर 08 घंटे का कार्य किया जायेगा, सैलरी में 2000/- प्लस, 12 प्रतिशत पीएफ बढ़ाया जायेगा एवं एक माह में चार छुट्टी दी जायेगी।



सुरक्षाकर्मियों की उक्त समस्त माँगे 11 माह के अन्दर पूरी करने का आश्वासन कंपनी द्वारा दिया गया था और कहा गया था कि सुरक्षाकर्मी इस अवधि के दौरान कोई हडताल आदि नहीं करेंगे। कंपनी पर विश्वास कर सुरक्षा कर्मियों ने पूरी ईमानदारी से अपना कार्य किया लेकिन उक्त अवधि समाप्त होने से 15 दिन पूर्व ही कंपनी ने सुरक्षा कर्मियों के साथ खिलवाड़ करते हुए कार्बाइन फिजिकल सिक्योरिटी का नाम बदल कर WAAREE RTL CAPITAL SECURITY FORCE कर दिया।

कंपनी का नाम बदलने और सुरक्षाकर्मियों की उपरोक्त मांगों को लागू करने की बात कंपनी मैनेजर से करने कंपनी वालो ने कहा कि जिसको काम करना है करो नहीं तो अपने घर जाओ। कंपनी जो कहेगी और जो वेतन देगी, जितनी देर काम करवायेगी वो तुमको करना होगा। कंपनी के मेनेजर रवि गुर्जर आदि ने दिनांक 14/02/2026 की रात की ड्यूटी के दौरान हम कर्मचारियो के साथ अभद्र व्यवहार किया और अपशब्दो का प्रयोग कर हमें जान से मारने की धमकी दी तथा कहा कि तुम हमको नही जानते, हमारे यू ट्यूब चेनल आदि देख लेना, ज्यादा चा चू की तो यही कंपनी की भूमि में दफना देंगे। शासन प्रशासन भी कुछ नही कर सकेगा सब हमारे अण्डर में चलते है तुम्हारा क्या है तुम नहीं रहोगे तो पुलिस वालो को या आर्मी वालो को गार्ड की ड्यूट्टी पर बुला लेंगे।